राजस्थान सरकार

न्यायालय लैण्ड रेकर्ड ओफिसर (एस.डी.ओं.) सिरोही राज.

क्रमांकः कोर्ट/2021/ 237

दिनांकः 23-07-2021

राजस्व प्रा. पत्र संख्या 117 /2021

प्रेषितः-

2021/87

- तहसीलदार
  सिरोही

तहसीलदार सिरोही द्वारा जरिये पत्र कमांक भू.अ./2021/1162 दिनांक 3.5.2021 के सलंग्न प्रार्थीया नेनुदेवी पुत्री स्व. श्री देशाराम जाति बंदार निवासी बरलुट के प्रार्थना पत्र व प्रार्थीया के संयुक्त खातेदारी की कृषि आराजी मौजा बरलुट की चालू जमाबन्दी संवत् 2071-74 के खाता संख्या नया 68 व 336 में प्रार्थीया नेनुदेवी पुत्री स्व. श्री देशाराम जाति बंदार निवासी बरलुट का प्रार्थना पत्र दिनांक मय जमाबंदी संवत 2071-2074 खाता संख्या नया 68 तथा जमांबदी संवत् 2071-74 खाता संख्या 336 व नामांतरकरण प्रति पेश कर प्रार्थीया ने अपनी जाति शुद्व करने का निवेदन किया है। तहसीलदार सिरोही की रिपोर्ट अनुसार मौजा बरलुट की जमांबदी संवत 2071-2074 के खाता संख्या 68 व 336 में जरिये नामातरकरण संख्या 1039 दिनांक 2.10.2019 के खातेदार देशाराम पुत्र खुशालजी जाति बंदारा का स्वर्गवास होने पर उतराधिकारी नेनुदेवी पुत्री देशाराम, मांगीलाल पुत्र देशाराम, श्याम पुत्र देशाराम व शारदा पुत्री देशाराम प्रविष्टि हुए। उक्त उतराधिकारियों की जाति बंदारा से नामान्तरकरण में बंदारा के स्थान पर कनबी अंकित हो गई। उपरोक्त प्रार्थीया के जाति की त्रुटि लिपिकिय त्रुटि की परिभाषा में आने से प्रार्थीया का सही वास्तविक जाति अंकित करना न्यायोचित प्रतीत होता है अन्यथा प्रार्थीया को भविष्य में जाति सुधरवाने में कानूनी अडचने सभी के आधार पर प्राथीर्या को मानसिक तनाव व आर्थिक नुकसान से भी गुजरना पड सक्ता है। हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय उक्त वर्णित दस्तावेज प्रतियों तहसीलदार सिरोही की उक्त अनुशंषा रिपोर्ट का गहनतापुर्वक अवलोकन कर उस पर मनन कर विवेचन के उपरान्त उक्त सभी के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित होने से राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत उक्त प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार सिरोही भूमिधारी को पुनः मुल प्रस्ताव मय राजस्व रेकर्ड की प्रतियॉं को भेजकर आदेश दिये जाते है कि प्रस्तावानुसार वर्तमान जमाबदी सवंत् 2071-2074 के 2071-74 के खाता संख्या नया 68 व 336 में प्रार्थीया नेनुंदेवी पुत्री देशाराम, मांगीलाल पुत्र देशाराम, श्याम पुत्र देशाराम व शारदा पुत्री देशाराम की गलत जाति कनबी के स्थान पर सही जाति बंदारा की शुद्वि कर दर्ज/राजस्व रेकर्ड मे दुरूस्ती कर जमाबंदी अपडेट कर पालना रिर्पोट एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय का आवश्यक रूप से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

लैण्ड रेकर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)
(उपखण्ड अधिकारी)
सिरोही (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Hansmukh Kumar
Date: 2021.08.10 15:09:38 IST
Reason: SelfAttested